Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker welcomed H.E. Mr. Gombojar Zandanshatar, Chairman of the State Great Hural (Parliament) of Mongolia and members of the Parliamentary Delegation from Mongolia.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे आपको सूचित करना है कि आज सदन में विशिष्ठ दीर्घा में मंगोलिया के संसदीय प्रतिनिधि मंडल के सदस्य विराजमान हैं। मैं अपनी ओर से, सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से भारत की यात्रा पर आए सम्मानित अतिथि, मंगोलिया की स्टेट ग्रेट ह्यूरल (संसद) के अध्यक्ष महामहिम श्री गोम्बोजव ज़ंदनशथर और वहां के संसदीय प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का स्वागत करता हूँ, अभिनंदन करता हूँ। मंगोलिया के संसदीय प्रतिनिधि मंडल का भारत आगमन मंगलवार 30 नवबंर, 2021 को हुआ। प्रतिनिधि मंडल के सदस्य, दिल्ली के अतिरिक्त बोधगया और उसके बाद आगरा भी जाएंगे। उनका सोमवार, 06 दिसंबर, 2021 को भारत से प्रस्थान होगा। हम कामना करते हैं कि हमारे देश में आपका प्रवास अत्यंत सुखद, आरामदायक एवं फलदायी रहे। उनके माध्यम से हम मंगोलिया की संसद स्टेट ग्रेट ह्यूरल, वहां की सरकार और मंगोलिया की मित्रवत जनता को भी बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देते हैं तथा उनका बहुत-बहुत अभिनंदन, बहुत-बहुत स्वागत करते हैं।

____